<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 30.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा–भारत का अनाज उत्पादन पिछले 10 वर्ष में 10 करोड़ टन बढ़ा, राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना गौरव की बात।
2. पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम में बनेगा मॉडल सोलर विलेज, अधिकतम नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित करनेवाले गांव को एक करोड़ की प्रोत्साहन राशि।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की आदिवासी युवती के आंध्र प्रदेश में बंधक बनाने जाने के मामले में राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को संज्ञान लेकर कार्रवाई का दिया निर्देश।
4. राजधानी रांची में आज छाए रहेंगे बादल, गुमला, खूंटी और लोहरदगा का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा, दो दिसंबर से शीतलहर चलने की चेतावनी।
5. रांची में अब से कुछ देर बाद शुरू होगा भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एक दिवसीय मैच,दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का किया फैसला।

<u>**********************</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के कई घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ सुविधा का उद्‌घाटन हो या आईएनएस माहे का भारतीय नौसेना में शामिल होना या फिर देश में स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर की शुरुआत, ये सभी इसी बात के प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का अनाज उत्पादन पिछले 10 वर्ष में 10 करोड़ टन बढ़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है।

श्रीमोदी ने वोकल फॉर लोकल का संदेश देते हुए क्रिसमस के दौरान लोगों से लोकल उत्पादों की खरीदारी करने की अपील की।

<u>**********************</u>

पूर्वी सिंहभूम जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर विलेज का निर्माण कराया जाएगा। इसे लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जमशेदपुर में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इस योजना के लिए जिले के 10 गांवों पारुलिया, धोबनी, कोकपाड़ा–नरसिंहगढ़, बड़ाजुड़ी, हाड़तोपा, कालिकापुर, मानुषमुड़िया, बड़ा बांगुड़दा, बिडरा और बोड़ाम को चुना गया है। इनमें से छह माह में अधिकतम नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित करनेवाले गांव को विजेता घोषित किया जाएगा और एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

<u>**********************</u>

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की एक आदिवासी युवती के पिछले एक महीने से आंध्र प्रदेश की एक फूड कंपनी में बंधक बनाए जाने के मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को अविलंब संज्ञान लेने का निर्देश दिया है।

<u>**********************</u>

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वज्रपात, अतिवृष्टि, सड़क दुर्घटना और अन्य दुर्घटनाओं के प्रभावित 43 लोगों के बीच मांडर में अनुग्रह अनुदान राशि का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को नहीं मिल पाता है। इसके लिए उन्होंने लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया।

**********************

कॉमन एडमिशन टेस्ट–कैट परीक्षा आज देशभर में आयोजित की जा रही है। रांची में परीक्षा को लेकर दो केंद्र बनाए गए हैं। इनमें तुपुदाना और ओरमांझी केंद्र शामिल हैं। दोनों केंद्रों को मिलाकर लगभग चार हजार परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। पहली  पाली की परीक्षा सुबह साढे आठ से साढे दस बजे तक चली, दूसरी पाली की परीक्षा साढ़े बारह बजे से ढाई बजे तक चलेगी जबकि तीसरी पाली की परीक्षा शाम साढ़े चार बजे से साढ़े छह बजे तक चलेगी।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दो दिसंबर से न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। इस दौरान शीतलहर चलने की संभावना है। राजधानी रांची में आज दिन में बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है। इधर पिछले चौबीस घंटे के दौरान गुमला, खूंटी और लोहरदगा का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। गुमला का न्यूनतम तापमान जहां आठ दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, वहीं खूंटी का नौ दशमल छह, लोहरदगा का नौ दशमलव नौ और रांची का ग्यारह दशमल आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**********************

राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रमंडलीय कार्यालय के लिए चिन्हित की गई भूमि और पहले से निर्मित फ्लैटों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा पूर्ण रूप से निर्मित हो चुके फ्लैट्स का आवंटन अब लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिला के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रिक्त पड़े चार सौ छियालीस गृह रक्षकों की बहाली के लिए तीन दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन भरे जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 18 दिसंबर है।

**********************

लातेहार जिले के बेतला नेशनल पार्क में पर्यटकों के लिए जंगल सफारी की सुविधा शुरू कर दी गई है।

**********************

रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरे वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को लेकर जेएससीए स्टेडियम के पास विधि व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई है। दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौसिक ने बताया कि तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। वहीं रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से यातायात निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

**********************

राजधानी रांची में अब से थोड़ी देर बाद होने वाले भारत–दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह का माहौल है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी  का फैसला किया है। जेएससीए स्टेडियम के पास सुबह से ही गहमागहमी है। दोपहर साढ़े तीन बजे तक दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा।

**********************